# भाग ४ (ग)

## अंतिम नियम

## शिक्षा विभाग

भोपाल, दिनांक 26 अप्रैल 1980

क्र. एफ. 121-4-73-एच-8-बीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मध्यप्रदेश के राज्यपाल, मध्यप्रदेश, शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) सेवा में भरती से संबंधित निम्न लिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ.—ये नियम मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग, तकनीकी शाखा, तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) भरती नियम, 1980 कहलायेंगे.

ये नियम "मध्यप्रदेश राजपत्र" के अधिसूचित किये जाने की तारीख से लागू होंगे.

2. परिभाषा.—इन नियमों में जब तक प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) सेवा या पद के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से तात्पर्य ऐसे प्राधिकारी से है, जिसे उस सेवा या पद पर (अनुसूची पांच के खाना (9) में उल्लेखित किये अनुसार) शासन द्वारा नियुक्ति करने की शक्ति सौंपी गई हो या इसके पश्चात् सौंपी जाय;

(ख) "शासन" से तात्पर्य मध्यप्रदेश शासन से है;

(ग) "राज्यपाल" से तात्पर्य मध्यप्रदेश के राज्यपाल से है;

(घ) "अनुसूची" से तात्पर्य इन नियमों से संलग्न अनुसूची से है.

(ङ) "अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जन जातियां" का वही अर्थ होगा, जो उनके लिये संविधान के अनुच्छेद 366 के खंड (24) और (25) में दिया गया है और इसका तात्पर्य ऐसी जातियों और जन जातियों से है, और राज्य शासन द्वारा समय-समय पर इस रूप में अधिसूचित की जाय;

(च) "सेवा" से तात्पर्य मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग, तकनीकी शाखा तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) सेवा से है;

(छ) "राज्य" से तात्पर्य मध्यप्रदेश राज्य से है,

3. विस्तार तथा प्रयुक्ति.—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिये गये उपबन्धों की व्याख्या पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे.

4. सेवा का गठन.—सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्:—

(एक) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट पद मूलतः धारण कर रहे हों,

(दो) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भरती किये गये हों; और

(तीन) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार, सेवा में भरती किये गये हों.

5. वर्गीकरण, वेतनमान आदि.—सेवा का वर्गीकरण, उसका वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या इससे संलग्न अनुसूची एक में दिये गये उपबन्धों के अनुसार होगा :

परन्तु शासन सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में समय-समय पर अस्थायी या स्थायी रूप से वृद्धि या कमी कर सकेगा.

6. भरती का तरीका.—(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में भरती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात्:—

(क) परीक्षा/चयन करके सीधी भरती द्वारा.

(ख) अनुसूची चार के खाना 3 में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा.

(ग) उन व्यक्तियों के स्थानान्तरण द्वारा जो मूल हैसियत से ऐसी सेवा में ऐसे पद धारण कर रहे हों, जो इस संबंध में विनिर्दिष्ट किये जायें.

(2) उपनियम (1) के खण्ड (ख) या खंड (ग) के अधीन भरती किये गये व्यक्तियों की संख्या (अनुसूची एक में यथाविनिर्दिष्ट) [illegible] की संख्या के अनुसूची दो में दर्शाये गये प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) जहां पद/पदों को उपनियम 1 (ख) के अधीन तथा उपबंधित पदोन्नति द्वारा भरा जाना हो किंतु जहां विहित अर्हता तथा अनुभव अनुसार व्यक्ति उपलब्ध न हो वहां पद/पदों को उपनियम 1 (क) में दिये गये उपबन्धों के अनुसार सीधी भरती द्वारा भरा जा सकेगा.

(4) उपनियम 1 में दी गई किसी बात के होते हुये भी यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुये ऐसा करना आवश्यक हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर सेवा में भरती संबंधी तरीकों को छोड़ जिनका उल्लेख उक्त उपनियम में किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा; जो शासन द्वारा इस संबंध में जारी किये आदेश द्वारा विहित किये जायं.

7. सेवा में नियुक्ति.—इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में सभी नियुक्तियां नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई नियुक्ति नियम 6 में उल्लिखित भरती के किसी एक तरीके से चयन करके ही की जायेगी, अन्यथा नहीं.

8. सीधी भरती की पात्रता की शर्तें.—चयन किये जाने के लिये पात्र होने की दृष्टि से उम्मीदवार को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात्:—

(1) आयु.—(क) चयन के प्रारंभ होने की तारीख के बाद आने वाली पहली जनवरी को उसने 18 वर्ष की अथवा अन्यथा उल्लिखित (अनुसूची तीन के खाना तीन के अनुसार) आयु पूरी कर ली हो तथा 30 वर्ष की आयु (अनुसूची तीन के खाना चार के अनुसार) पूरी न की हो.

(ख) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिकतम आयु सीमा में अधिक से अधिक पांच वर्ष की छूट दी जायेगी.

(ग) उन उम्मीदवारों को भी जो मध्यप्रदेश शासन के कर्मचारी हों अथवा रह चुके हों, अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित सीमा तक तथा नीचे उल्लिखित शर्तों के अधीन छूट दी जायेगी.

(एक) ऐसे उम्मीदवार की आयु जो स्थायी या अस्थायी हो, 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये.

(दो) उप खंड (एक) में उल्लिखित रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों या कार्य प्रभारित कर्मचारियों अथवा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में नियोजित व्यक्तियों को भी दी जा सकेगी.

(तीन) ऐसे उम्मीदवार को, जो छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष तक की अवधि, भले ही वह अवधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने की अनुमति दी जायेगी, बशर्ते कि इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयुसीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण:—शब्द "छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो इस राज्य अथवा उसकी संघटक इकाइयों में से किसी भी इकाई में अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छ: माह तक निरन्तर रहा हो तथा रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों में कमी की जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो.

(चार) ऐसे उम्मीदवार को, जो भूतपूर्व सैनिक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण:— भूतपूर्व सैनिक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छ: माह की अवधि तक निरन्तर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई (यूनिट) की सिफारिशों के फलस्वरूप या कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी की जाने के कारण छटनी की गई हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक घोषित किया गया हो—

(1) ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिसे समय पूर्व सेवा निवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन सेवा मुक्त कर दिया गया हो.

(2) ऐसा भूतपूर्व सैनिक, जिसे दुबारा भरती किया गया हो, और.

(क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण होने पर,

(ख) भरती की शर्तें पूरी हो जाने पर, सेवा मुक्त कर दिया गया हो.

([illegible]) [illegible] इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कर्मचारी.

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवामुक्त किया गया हो (जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी शामिल हैं).

(5) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अस्थायी रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक, निरन्तर कार्य करने के बाद सेवामुक्त किया गया हो.

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवामुक्त किया गया हो, कि अब वे सक्षम सैनिक न बन सकेंगे.

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो कि असमर्थ होने के कारण सेवा से अलग कर दिये गये हों.

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण, चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिये गये हों.

(पांच) ऐसे व्यक्ति जो 1-1-1963 के बाद से राष्ट्रीय छात्र सेना में पूर्णकालिक कैडेट अनुदेशक के रूप में भरती किये गये हों उनकी आरंभिक/वर्धित अवधि की समाप्ति पर रा. छा. से. में नियुक्ति होने पर नियोजन के प्रयोजन के लिये "छटनी किये गये शासकीय कर्मचारी" समझे जायेंगे और वे अपनी वास्तविक आयु में से राष्ट्रीय छात्र सेना में की गई सेवा की अवधि घटा सकेंगे बशर्ते कि इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

टिप्पणी:---उपर्युक्त पैरा 8 (एक) (ग) (एक) तथा दो में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अन्तर्गत जिन उम्मीदवारों को चयन में सम्मिलित किया गया हो, वे यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद चयन के पूर्व या पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे दें, तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे. तथापि, यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् सेवा या पद से उनकी छटनी कर दी जाय, तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे.

विभागीय उम्मीदवारों को चयन हेतु उपस्थित होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिये.

(दो) शैक्षणिक अर्हता.---उनके पास अनुसूची तीन में दर्शाये अनुसार, सेवा के लिये विहित शैक्षणिक अर्हतायें और अनुभव होना चाहिये.

9. अनर्हता.---उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी के लिये सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसके चयन, परीक्षा, नियुक्ति के लिये अनर्हकारी माना जा सकेगा.

10. उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में शासन का निर्णय अंतिम होगा.---किसी उम्मीदवार की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में चयन समिति/नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा.

11. चयन द्वारा सीधी भरती.---(1) (क) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन समिति गठित की जायगी. इसमें तीन सदस्य होंगे.

(ख) सेवा में भरती के लिये चयन/परीक्षा का आयोजन ऐसी अंतरावधियों पर किया जायेगा जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निश्चित की जाएं.

(ग) सेवा में उम्मीदवारों का चयन, चयन समिति के द्वारा उनके साक्षात्कार के बाद किया जायेगा.

(2) सीधी भरती के लिये उपलब्ध रिक्तियों के 16 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत स्थान उन उम्मीदवारों के लिये रक्षित होंगे, जो क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य हों.

(3) इस प्रकार रक्षित रिक्तियों को भरते समय अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिये उस क्रम से विचार किया जायेगा जिस क्रम से उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आते हों चाहे अन्य उम्मीदवार की तुलना में उनकी सापेक्ष स्थिति कुछ भी क्यों न हो.

(4) अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के ऐसे उम्मीदवारों को जिन्हें नियुक्त प्राधिकारी द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया हो, उपनियम (3) के अधीन यथास्थिति, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिये रक्षित रिक्त स्थानों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(5) यदि रक्षित रिक्तियों के लिये पात्र उपयुक्त उम्मीदवार भरती के किसी भी अवसर पर उपयुक्त श्रेणियों के लिये पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों, तो ऐसी रिक्तियों जिन्हें इन्हीं उम्मीदवारों के लिये पुनर्विज्ञापित की जावेगी यदि पूर्व विज्ञापन के बाद भी कोई रिक्तियां बच रहे, तो उन्हें उच्च अधिकारियों की सहमति प्राप्त करने के बाद सामान्य उम्मीदवारों से भर लिया जायेगा और उतनी ही संख्या में अतिरिक्त रिक्तियां यथास्थिति अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये उसके बाद होने वाली भरती के अवसर के लिये रक्षित रखी जायेंगी परन्तु इन जातियों के लिये कुल रक्षित स्थान किसी भी एक अवसर पर रिक्तियों की कुल संख्या के 45 प्रतिशत से अधिक न होंगे.

12. चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये उम्मीदवारों की सूची.---(एक) चयन द्वारा---(एक) चयन समिति उन उम्मीदवारों के नाम तथा अन्य ब्यौरे, जिन्हें वह उपयुक्त समझे, सम्यक् रूप से अधिमान क्रम से क्रमबद्ध करके तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के ऐसे उम्मीदवारों के, जो यद्यपि उक्त मानकों के अनुसार अर्ह नहीं हैं किन्तु जिन्हें समिति ने प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का समुचित ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया हो, नाम तथा अन्य ब्यौरे नियुक्ति प्राधिकारी को भेजेगा.

(दो) [illegible] द्वारा---नियुक्ति प्राधिकारी [illegible] उम्मीदवारों को, जो ऐसे मानकों से अर्ह हुए हैं जिन्हें वह निश्चित करे और अनुसूचित जा[illegible] तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये उम्मीदवार जो यद्यपि उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं है, किन्तु जिन्हें उसने प्रशासन में दक्षता बनाये रखने [illegible] ध्यान रखते हुए, सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया हो उनके बारे में अन्य ब्यौरे के साथ योग्यता-क्रम के अनु[illegible] सूची तैयार करेगा।

(तीन) [illegible] तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबन्धों के अध्यधीन, उपलब्ध रिक्तियों पर नियु[illegible] के लिये उम्मीदवारों के बारे में उसी क्रम से विचार किया जायगा, जिस क्रम में उनके नाम चयन सूची में आये हों।

(चार) सूची में किसी उम्मीदवार का नाम शामिल होने से उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिल जाता जब तक कि नियुक्ति प्रा[illegible] कारी का ऐसी जांच के बाद, जिसे वह आवश्यक समझे, इस बात से समाधान न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से [illegible] युक्त है।

13. पदोन्नति द्वारा नियुक्ति---(1) पात्र उम्मीदवारों की पदोन्नति हेतु प्रारम्भिक चयन करने के लिये एक विभागीय चयन समि[illegible] गठित की जायगी, जिसमें अनुसूची चार में उल्लिखित सदस्य होंगे।

(2) समिति की बैठक ऐसी अन्तरावधियों में होगी, जो सामान्यत: एक वर्ष से अधिक न हो।

(3) ऐसे पदों पर जिसमें पदोन्नति के प्रतिशत 33 1/3 प्रतिशत या इससे अधिक विहित किया गया हो, पदोन्नति के लिये उपलब्ध रिक्तिय[illegible] में से 16 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत रिक्तियां उन उम्मीदवारों के लिये रक्षित रखी जायंगी जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के सदस्[illegible] हों और जो नियम 1[illegible] में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार पदोन्नति के पात्र हों।

(4) रक्षित रिक्तियों पर पदोन्नति संबंधी प्रक्रिया, म. प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर इस सम्बन्ध में जारी कि[illegible] गये आदेशों के अनुसार होगी।

(5) जहां किसी पद/किन्हीं पदों को उपनियम 1 (ख) के अधीन उपबंधित किये अनुसार भरा जाना हो किन्तु विहित अर्हताएं और अनुभव [illegible] प्राप्त कोई उपयुक्त [illegible] उपलब्ध न होवें, ऐसे तो पदों को उप नियम 1 (क) में दिये गये उपबन्धों के अनुसार सीधी भरती द्वारा भरा जा सकेगा।

14. पदोन्नति के लिये पात्रता सम्बन्धी शर्तें.---(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर [illegible] विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को अनुसूची 4 के खाना 2 में उल्लिखित पद सेवा (स्थानापन्न अथवा अस्थायी रूप में) जिसकी पदोन्नति की जाना हो तथा जो उपनियम 2 के अनुसार विचार के क्षेत्र अन्तर्गत आते हों अनुसूची चार के खाना 3 में यथोल्लिखित वर्षों की सेवा पूरी कर ली हो।

(2) उपनियम (1) के अधीन चयन का क्षेत्र सामान्यत: यदि पदोन्नति वरिष्ठता तथा योग्यता के आधार पर की जानी हो तो चयन सूची में सम्मिलित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या के 5 गुने तक और यदि पदोन्नति योग्यता तथा वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो तो चयन सूची में सम्मिलित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या के 7 गुने तक सीमित होगी, परन्तु यदि इस प्रकार निर्धारित क्षेत्र के लिये उपयुक्त व्यक्ति अपेक्षित संख्या में उपलब्ध न हों तो यह क्षेत्र समिति के द्वारा लिखित रूप से कारण का उल्लेख किये जाने पर उसके द्वारा आवश्यक समझी गयी सीमा तक बढ़ाया जा सकेगा।

(3) पदोन्नति के लिये अनुसूची चार व छ: में उल्लिखित पदों के लिये अनुसूची तीन के अनुसार सीधी भरती के लिये विहित अर्हता तथा अनुभव होना चाहिये।

15. उपयुक्त व्यक्तियों की सूची तैयार करना.---(1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो उपयुक्त नियम 14 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हें समिति सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझती हो। यह सूची चयन सूची की तैयारी की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवा निवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी। पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अपेक्षित रिक्तियों को भरने के लिये रक्षित सूची भी तैयार की जायगी, जिसमें उक्त चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के 25 प्रतिशत व्यक्ति के बराबर शामिल होंगे।

(2) ऐसी सूची में सम्मिलित करने के लिये किया जाने वाला चयन वरिष्ठता पर समुचित रूप से ध्यान देते हुए योग्यता तथा सभी दृष्टि से उपयुक्तता पर आधारित होगा।

(3) सूची में सम्मिलित किये गये व्यक्तियों के नाम, प्रत्येक चयन सूची तैयार करते समय सेवा में वरिष्ठता क्रम के अनुसार होंगे [अनुसूची चार के खाना (दो) में दिये अनुसार] परन्तु किसी ऐसे कनिष्ठ व्यक्ति को, जो समिति की राय में विशेष रूप से योग्य तथा उपयुक्त हो, उससे वरिष्ठ व्यक्ति की तुलना में सूची में उच्चतर स्थान दिया जा सकेगा।

स्पष्टीकरण.---ऐसे व्यक्ति का, जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसकी पदोन्नति सूची की वैधता के दौरान न की गई हो, उन व्यक्तियों पर जिनके संबंध में पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया हो केवल पहले चयन किये जाने सम्बन्धी तथ्य के कारण वरिष्ठता का दावा नहीं होगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रतिवर्ष पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण किया जायगा।

(5) यदि इस प्रकार के चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण के दौरान (मध्यप्रदेश तृतीय श्रेणी तकनीकी कार्यपालन और गैर तकनीकी सेवा, तकनीकी शाखा) सेवा के किसी सदस्य का अधिक्रमण प्रस्तावित किया जाय तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में अपने कारण लेखबद्ध करेगी.

16. नियम 15 के अनुसार तैयार की गई सूची विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सिफारिशों सहित निम्नलिखित कागज पत्रों के साथ नियुक्ति प्राधिकारी के पास भेजी जायगी:—

(एक) सूची में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के अभिलेख.

(दो) सेवा के सभी सदस्यों (अनुसूची चार के खाना 2 में दिये अनुसार) के अभिलेख, जिनका सूची में की गयी सिफारिशों द्वारा अधिक्रमण किया जाना प्रस्तावित हो.

(तीन) सेवा के किसी भी सदस्य के प्रस्तावित अधिक्रमण के लिये समिति द्वारा लेखबद्ध किये गये कारण (अनुसूची चार के खाना 2 में दिये अनुसार).

17. चयन सूची.—(1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त सम्बद्ध अभिलेखों के साथ उसके द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और जब तक कि कोई भी परिवर्तन करना आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा.

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह तत्संबंधी कारण लेखबद्ध करते हुए सूची सिफारिश के लिये समिति को लौटा देगा.

(3) नियुक्ति प्राधिकारी के मत पर विचार करने के बाद समिति द्वारा अन्तिम रूप से तैयार की गई सूची/अनुसूची चार के खाना 2 में दर्शाये गये पदों से अनुसूची चार के खाना 3 के पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति हेतु चयन सूची होगी.

(4) चयन सूची सामान्यतः तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक कि नियम 15 के उपनियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण न किया जाय किन्तु उसकी वैधता की अवधि, सूची तैयार की जाने की तारीख से कुल मिलाकर 18 माह से अधिक नहीं बढ़ाई जा सकेगी:—

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्त्तव्य के निर्वाह अथवा पालन में गम्भीर चूक होने की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकारी या समिति के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि उचित समझा जाय तो ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटाया जा सकेगा.

18. चयन सूची से सेवा नियुक्ति.—(1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की सेवा के संवर्ग पदों पर नियुक्ति उसी क्रम से की जावेगी, जिस क्रम से ऐसे व्यक्तियों के नाम चयन सूची में आते हों. परन्तु यदि नियुक्त प्राधिकारी का इस बात से समाधान हो जाय कि रिक्त सम्भवतः तीन माह से अधिक अवधि के लिये नहीं होगी, तो प्रशासनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे व्यक्ति को जिसका नाम चयन सूची में न हो या चयन सूची के क्रम में अगला न हो सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा.

(2) यदि सेवा की चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति के मामले में चयन सूची में उसका नाम शामिल करने की तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की अवधि में उसके कार्य में कोई ऐसी गिरावट आ गई हो, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में ऐसी हो जिससे उसे सेवा में नियुक्त किया जाना उपयुक्त न हो तो नियुक्ति प्राधिकारी सम्बन्धित व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा देगा.

19. परिवीक्षा.—सेवा में सीधे भर्ती किये गये प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायगा.

20. निर्वचन.—यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठे, तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जायगा और इस पर उसका निर्णय अन्तिम होगा.

21. छूट.—इन नियमों में दी गई किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायगा कि वह ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में, जिस पर ये नियम लागू होते हों, राज्यपाल की ऐसी रीति से कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती है, जो उनको उचित और न्याय प्रतीत होती हो:—

परन्तु मामले पर किसी ऐसी रीति से कार्यवाही नहीं की जायगी जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो.

22. निरसन और व्यावृत्ति.—इन नियमों के सभी तत्स्थानी नियम, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के ठीक पहले प्रवृत्त हों इसके द्वारा इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले विषयों के सम्बन्ध में निरसित किये जाते हैं:—

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कोई भी कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जायगी.

22 (अ) व्यावृत्ति.—इन नियमों में दी गई किसी बात का राज्य शासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को दिये जाने के लिये अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एच. जी. ओमराय, विशेष सचिव,
मध्यप्रदेश शासन.

## POSTS FILLED BY GOVERNMENT POLYTECHNIC/JABALPUR/RAIGARH/ DURG/KHIRSADOH/KHANDWA/UJJAIN/ GWALIOR/SHAHDOL/NOWGONG/BHOPAL/JAORA

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. Instructor (Textile). | Rs. 169—300 | Master Instructor (Textile). | Rs. 246—460 | 1. One Head of the Deptt. nominated by D. T. E. (Chairman).<br>2. One Head of the Deptt. nominated by Principal (Member).<br>3. W/Shop supdt. of the Polytechnic concerned (Member). | 3 years | The promotee will have to fulfill the educational and experience qualification as prescribed in Schedule III for such post. |
| 2. Workshop Instructor. | Rs. 220—375 | Jr. Istructor | Rs. 246—460 | Do. | 3 years | Do. |
| 3. Motor Mech. | R.s 169—300 | Workshop Instructor. | Rs. 220—375 | Do. | 3 years | Do. |
| Skilled Asstt. | Rs. 155—252 | | | | 4 years | Do. |
| Mechanic | Rs. 155—252 | | | | 4 years | Do. |
| Plumber Gas Mechanic. | Rs. 155—252 | | | | 4 years | Do. |

## POSTS FILLED BY GOVERNMENT WOMENS POLYTECHNIC, BHOPAL

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. Skilled Asstt. | Rs. 155—252 | Jr. Instructor | Rs. 246—460 | 1. One Deputy Director nominated by D. T. E. (Chairman).<br>2. One Head of the Deptt. Nominated by Principal (Member).<br>~~3. One Head of Deptt.~~ nominated by Princncipal Member)). | 5 years | Do. |

...competency in repairing and servicing Precision/Electronic Instru-

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **GOVERNMENT KALANIKETAN, JABALPUR** | | | | | |
| 1. | Assistant Lecturer (Humanities) | 1 | 100% | .. | .. | (Lecture manities cs Lecturer Technical) redesignate Lecturer(No Technical). |
| 2. | Lecturer (Non-Technical) .. | 10 | 90% | 10% | .. | |
| 3. | Asstt. Workshop Foreman .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| 4. | Junior Instructor (Printing) .. | 7 | 33% | 67% | .. | |
| 5. | Junior Instructor .. .. | 12 | 25% | 75% | .. | |
| 6. | Phy. Training Instructor .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| 7. | Instructor (Printing) .. | 3 | .. | 100% | .. | |
| 8. | Survey Instrument Repairer | 1 | 100% | .. | .. | |
| 9. | Printing M/c Mechanic | 1 | 100% | .. | .. | |
| 10. | Mechanical Instructor .. | 5 | .. | 100% | .. | |
| 11. | Skilled Assistant .. .. | 26 | 100% | .. | | |
| 12. | Book Binder .. .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| 13. | Compositer .. .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| | **GOVERNMENT WOMEN'S POLYTECHNIC, BHOPAL** | | | | | |
| 1. | Junior Instructor .. .. | 6 | 50% | 50% | .. | |
| 2. | Mechanic (Sewing Machine) | 1 | 100% | .. | .. | |
| 3. | Mechanic (Typewriter) .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| 4. | Matron .. .. | 1 | 100% | .. | .. | |
| 5. | Skilled Assistant .. .. | 6 | 100% | .. | .. | |
| | **GOVT. HIGHER SECONDARY TECHNICAL SCHOOLS** | | | | | |
| 1. | Lecturer (Non-Technical) .. | 78 | 90% | 10% | .. | |
| 2. | Master Instructor .. .. | 28 | | 100% | .. | |
| 3. | Physical Training Instructor .. | 14 | 100% | .. | .. | |
| 4. | Workshop Instructor .. .. | 84 | 50% | 50% | .. | |
| 5. | Skilled Assistant .. .. | 125 | 100% | .. | .. | |
| | **GOVERNMENT PRE-VOCTIONAL TRAINING CENTRES** | | | | | |
| 1. | Career Master .. .. | 6 | 100% | .. | | |
| 2. | General Education Teacher .. | 12 | 100% | .. | | |
| 3. | Craft Instructor .. .. | 24 | 100% | .. | | |

| (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|
| | Plumber Fitter .. | 18 | 30 | I.T.I. Certificate of competency in the trade with one year's experience. |
| | Head Lab. Attendant. | 18 | 30 | High School Certificate with Science subjects. |
| | **GOVERNMENT POLYTECHNICS** .. | | | |
| | Draughtsman .. | 18 | 30 | At least a IInd class diploma in Civil/Mech./Elect. Engineering of the M. P. Board of Technical Education or equivalent with 3 years experience or High School/Higher Secondary School with I.T.I. certificate of competency in Draughtsmanship with 5 years experience. |
| | Survey Field Assistant. | 18 | 30 | Atleast a IInd Class diploma in civil Engg. or Mining and Mine surveying or I.T.I. certificate of competency in survey- or with 2 years experience. (Preference will be given for mine surveying experience). |
| | Junior Instructor | 18 | 30 | At least IInd Class diploma in the appropriate branch of engineering of a recognised Board or equivalent thereof or High School/Higher Secondary School with I.T.I. certificate of competency in the respective trade with 3 years experience in the teade. |
| | Master Instructor Textile. | .. | .. | Atleast IInd class diploma in Textile Technology of a recognised Board or equivalent thereof or High School/Higher Secondary School with I.T.I. certificate of competency in spining/weaving/dyeing etc. with 3 years experience. |
| | Instrument Repairer. | 18 | 30 | I.T.I. Certificate of competency in repairing and servicing Precision/Electronic Instrument and equipment with atleast 3 years experience in the trade. |
| | Workshop Instructor | 18 | 30. | Junior Technical School/Secondary Technical School Certificate awarded by the Board of Technical Education Madhya Pradesh upto 1973 in the appropriate trade with 3 years experience in the trade or Tenth Class pass/High School with I.T.I. certificate of competency in the respective trade with 3 years experience in the trade. |

तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462 004

क्रमांक/प्रशा/3/बी/94/1533 /भोपाल, दिनांक 26 अक्टूबर 1994

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय,
शासकीय पोलीटेकनिक,
शासकीय महिला पोलीटेकनिक,
मध्यप्रदेश ।

विषय:- तृतीय श्रेणी अलिपिकीय संवर्ग के सेवा भर्ती नियम 1980 के प्रकाशन के उपरान्त स्वीकृत नये पदों की सीधी भर्ती हेतु अर्हता अनुभव का निर्धारण ।

------xxx------

तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में तृतीय श्रेणी अलिपिकीय संवर्ग के लिये सेवा भर्ती नियम 1980 प्रकाशित किये गए हैं । इन नियमों के प्रकाशित होने के उपरान्त तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में ऐसे अनेक नये पदों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जिनका समावेश सेवा भर्ती नियम 1980 में नहीं है । अतः तृतीय श्रेणी अलिपिकीय संवर्ग के पदों के सेवा भर्ती नियम 1980 को संशोधित कर भर्ती नियम 1992 का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन हेतु राज्य शासन को भेजा गया है । भर्ती नियम 1992 की, अनुसूची - 3 में सीधी भर्ती कोटे के नये निर्मित पदों की अर्हताओं का समावेश किया गया है । अतः सीधी भर्ती कोटे के नव-निर्मित पदों की शैक्षणिक अर्हता और अनुभव जिनका समावेश सेवा भर्ती नियम 1980 में नहीं हैं, की सूची (पद वेतनमान एवं निर्धारित अर्हता, अनुभव दर्शाते हुए) तैयार कर आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु एतद्‌साथ संलग्न है ।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार

तकनीकी शिक्षा संचालक,
मध्यप्रदेश
दूरभाष : 551589

## तृतीय श्रेणी के अलिपिकीय उन पदों की सूची जिनकी अर्हता सेवा भर्ती नियम 1980 में सम्मिलित नहीं है ।

| पदनाम | वेतनमान | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| | | **शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय** |
| 1- ग्रंथपाल | 1600-2720 | मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण और ग्रंथालय का कम से कम 5 वर्ष का कार्य अनुभव । |
| सहायक ग्रंथपाल | 1150-1800 | मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10 + 2 प्रणाली से हाईस्कूल/हायरसेकेण्ड्री स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण और साथ में पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण । |
| ग्रंथालय लिपिक | 1150-1800 | -"तथैव"- |
| फोटोग्राफर ग्रेड-2 | 1400-2340 | (1) मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय संस्था से फोटोग्राफी में डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण तथा (2) किसी फोटो स्टूडियो में फोटोग्राफी में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव । |
| कम्प्यूटर आपरेटर | 1400-2340 | गणित/भौतिकशास्त्र/सांख्यिकीय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक सहित बी.एस.सी. उत्तीर्ण । कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग/सिस्टम एनालिसिस का तीन वर्ष का अनुभव इसमें कम से कम दो वर्ष का चौथे जनरेशन कम्प्यूटर/पी.सी. प्रयोगशाला के कम्प्यूटर सेन्टर का अनुभव हो ।<br>अथवा<br>(1) एम.एस.सी. साथ ही चौथे जनरेशन कम्प्यूटर/पी.सी. प्रयोगशाला के कम्प्यूटर सेन्टर में कम से कम एक वर्ष का अनुभव<br>(2) कोबाल/पास्कल तथा एम.एस.डी.ओ.एस. आपरेटिंग-सिस्टम की भाषा का परिपूर्ण ज्ञान हो । |

क्रमशः......2

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 6- | डाटा ऐन्ट्री आपरेटर | 1400-2340 | उपाधि के साथ "आन लाईन (On line) और "ऑफ लाईन (Off line) डाटा ऐन्ट्री आपरेशन का प्रमाण पत्र। अनुभव:- कम से कम दो वर्ष का डाटा ऐन्ट्री के अनुभव के साथ दस हजार के.डी.पी.एच. जिसमें कम से कम 6 माह का "ऑन लाईन (On line) में अनुभव हो। अथवा मध्यप्रदेश बोर्ड आफ टेक्नीकल एज्यूकेशन से डिप्लोमा। वांछनीय:- विभिन्न एप्लीकेशन पेकेजेस की पी.सी. अ... केपेटिकल पर चलाने (Running) में परिचय (Familiarity) |
| - | आडियो विजुअल सहायक | 1400-2340 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में उपाधि या समुचित ट्रेड में आई.टी.आई. सर्टिफिकेट। अनुभव:- ऑडियो विजुअल उपकरणों के आपरेशन एवं रख-रखाव का दो वर्ष का अनुभव। |
| | कनिष्ठ निर्देशक (इलेक्ट्रानिक्स) | 1400-2340 | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल की संबंधित इंजीनियरिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण अथवा 10 + 2 शिक्षा प्रणाली से हाईस्कूल/हायरसेकेण्ड्री स्कूल त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्र संस्था से संबंधित विषय/ट्रेड में सक्षमता प्रमाणपत्र सहित व्यवसाय में तीन वर्ष का अनुभव |
| | डुप्लीकेटिंग मशीन आपरेटर | 1320-2040 | पुराना हायर सेकेण्ड्री अथवा (10 + 2) से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण। अंग्रेजी भाषा का कार्यकारी ज्ञान। अनुभव:- डुप्लीकेटिंग/फोटोकापी मशीन के आपरेशन का पाँच वर्ष का अनुभव |

क्रमशः......3

## तृतीय श्रेणी के अलिपिकीय उन पदों की सूची जिनकी अर्हता सेवा भर्ती नियम 1980 में सम्मिलित नहीं है ।

| पदनाम | वेतनमान | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| | | **शासकीय पोलीटेकनिक** |
| ग्रंथपाल | 1600-2720 | मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही पुस्तकालय में कार्य करने का दो वर्ष का कार्यअनुभव । |
| ग्रंथालय लिपिक | 1150-1800 | मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10 +-2 शिक्षा प्रणाली से हाईस्कूल/हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण और साथ में पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण-पत्र परीक्षा उत्तीर्ण । |
| डार्करूम सहायक/ स्टूडियो सहायक (वीडियो प्रोडक्शन) | 1400-2340 | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से विज्ञान विषय सहित उच्चत्तर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण और<br>2. फोटोग्राफी/अप्लाईड विडियोग्राफी विषय में किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविधालय से डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा संबंधित क्षेत्र का दो वर्षों का व्यवहारिक अनुभव । |
| तकनीकी सहायक | 1400-2340 | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल की संबंधित इंजीनियरिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण<br>अथवा<br>औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विषय/ट्रेड में प्रमाण-पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं संबंधित व्यवसाय में 5 वर्ष का अनुभव |
| ड्राफ्टसमैन-कम-आर्टिस्ट | 1400-2340 | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से अप्लाईड आर्टस में विशिष्टता सहित कम से कम द्वितीय श्रेणी का फाईन आर्टस में एडवान्स्ड डिप्लोमा<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से अप्लाईड आर्टस में विशिष्टता सहित कम से कम द्वितीय श्रेणी में फाईन आर्टस में डिप्लोमा तथा ग्राफिक्स बनाने का दो वर्ष का व्यवहारिक अनुभव । |

क्रमशः....2

| दनाम | वेतनमान | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| क्नीशियन | 1400-2340 | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल की उपयुक्त इंजीनियरिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि या उसके समकक्ष<br>अथवा<br>औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विषय/ट्रेड में दक्षमता प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण सहित व्यवसाय में 5 वर्ष का अनुभव |
| ादक (विडियो) | 1400-2340 | किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल या विश्वविद्यालय से कम से कम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण विडियोग्राफी में पत्रोपाधि प्रमाणपत्र तथा शैक्षणिक/व्यवसायिक विडियोग्राफी में एक वर्ष का अनुभव जिसमें शैक्षणिक विडियो के संपादन के अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी । |
| रेटर<br>त सामग्री<br>टर आधीरित) | 1400-2340 | मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण त्रिवर्षीय विद्युत/इलेक्ट्रानिक्स पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के साथ में कम्प्यूटर संचालन, फोटोकापियर, स्केनर, इलेक्ट्रानिक टायपराईटर विभिन्न प्रिंटर्स के संचालन का एक वर्ष का अनुभव |
| टर<br>ा सामग्री<br>र प्रणाली<br>तिरिक्त) | 1400-2340 | मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से प्रिंटिंग टेक्नॉलाजी में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण । साथ में डुप्लीकेटर चालन स्क्रीन प्रिंटिंग, आफसेट मशीन से मुद्रण तथा बुक बाईडिंग आदि संबंधित कार्यों में एक वर्ष का अनुभव |
| टर<br>प्रिंट विद्युत) | 1400-2340 | मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण विद्युत इंजीनियरिंग में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम साथ में मीडिया उपकरण जैसे ओवरहेड प्रोजेक्टर, स्लाईड प्रोजेक्टर, ध्वनी विस्तारण यंत्र, ऑडियो उपकरण आदि के संचालन एवं रख-रखाव का कार्यानुभव ।<br>अथवा<br>इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आई. टी. आई. प्रमाण पत्र तथा विद्युत उपकरण यथा ओवरहेड प्रोजेक्टर, स्लाईड प्रोजेक्टर, आडियो एम्प्लीफायर आदि उपकरणों के संचालन एवं रख-रखाव का 5 वर्ष का कार्यानुभव । |

क्रमशः.....3

| पदनाम | वेतनमान | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| होस्टल केयरटेकर | 1320-2040 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. परीक्षा उत्तीर्ण तथा<br>(2) भण्डार के रखरखाव एवं लेखा संबंधी कार्य के अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी । |
| मैट्रॉन | 1400-2340<br>1200-2040 | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि तथा<br>(2) लिपिकीय पद पर कार्य करने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव<br>टीप: महिला उम्मीदवारों के लिये ही यह पद रहेगा और प्राथमिकता उन्हीं उम्मीदवारों को दी जावेगी जिन्हें प्राथमिक उपचार का अनुभव होगा । तथा<br>छात्र-छात्राओं के छात्रावास में कार्य करने का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी । |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | 1200-2040 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय में स्नातक उपाधि<br>उच्चतर माध्यमिक स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा उत्तीर्ण उसके पश्चात विहित तकनीकी प्रशिक्षण अर्हता प्राप्त की हो । |

तकनीकी शिक्षा संचालक
मध्यप्रदेश

एस. नाथानी/

| पदनाम | | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| | | (ब) विशेष/नवीन उपकरण यंत्र हाईड्रोलिक्स कंट्रोल, रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशनिंग एवं अन्य प्रयोगशालाओं में प्रयुक्त उपकरणों के रख-रखाव आदि की जानकारी एवं सेफ्टी रेग्युलेशन की जानकारी । वांछनीय: अंग्रेजी भाषा में बोलचाल तथा लिखने की क्षमता एवं कंप्युटर पर कार्य करने का व्यवहारिक ज्ञान । |
